


Shot on OnePlus
By AjeetSahu 2023.10.17 14:05


Shot on OnePlus


Shot on OnePlus

न्यायालय नायब तहसीलदार
तहसील कार्यालय कुरुद

विषय:- जांच प्रतिवेदन पेश करने बाबत्

संदर्भ:- न्यायालय नायब तहसीलदार-1 कुरुद जिला-धमतरी छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक /835/ ना.तह.1/ वा./2023 कुरुद दिनांक 27/12/2023

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम कल्ले प.ह.न.-32 रा.नि.मं.-दरबा तहसील कुरुद जिला-धमतरी के अंतर्गत आवेदक अरुण कुमार पिता झुमुकलाल जाति-ब्राह्मण की भूमि खसरा नं 192 रकबा 2.00 हे. में से 0.40 हे. में लगे सागौन वृक्षों को काटने की अनुमति बाबत् आवेदन के संबंध में जांच प्रतिवेदन हेतु आदेश प्राप्त।

वर्तमान राजस्व अभिलेख में ख.न. 192 रकबा 2.00 हे. अरुण कुमार पिता झुमुकलाल के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त खसरा नं का टुकड़ा 0.40 हे. में विगत वर्षों के सागौन का वृक्ष लगा था। उक्त आवेदन के संबंध में 29/02/2024 को संयुक्त रूप में स्थल निरीक्षण किया गया। वर्तमान में ख.न. 192 का टुकड़ा 0.40 हे. में कुल 282 पौधा लगा पाया गया। व कुछ पौधे दीमक लगने व आंधी तूफान वं बारिश से गिर गये है। जिसे आवेदक के द्वारा अपने घर में रखा गया है जिनकी संख्या 682 है

प्रतिवेदन उचित कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत है।

(हस्ताक्षर)
पटवा 32
29/02/2024

(हस्ताक्षर)
29/02/24
रा.नि.
दरबा

# पंचनामा

दिनांक 29/02/2024 को न्यायालय नायब तहसीलदार -1 कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक / 835 / ना. तह -1 / वा / 2023 कुरूद दिनांक 27/12/2023 के परिपालन में ग्राम कल्ले प.ह.न.- 32, रा. नि. म - दरबा तहसील - कुरूद जिला - धमतरी में आवेदक अरूण कुमार शुक्ला पिता मुकुन्दलाल जाति - ब्राम्हण के द्वारा आवेदित भूमि ख.न. 192 ~~रक~~ का रकबा 2.00 हे. में से 0.40 हे. भूमि पर ~~बाड़े~~ सागौन के पौधे लगे है जो कि आंधी तूफान एवं बारिश के कारण नीचे गिर गये व ~~दिमाग~~ दीमग लग गये है ~~के कारण~~ उक्त संबंध में जांच हेतु ग्राम कोटवार कल्लो, आवेदक के पुत्र व अन्य ग्रामीणो की उपस्थिति में जांच किया गया। जिसमे से लगभग 650 पौधे गिर गये, 40 पौधे में दीमग लग गया है, लगभग 282 पौधे वर्तमान में मौके मे है।

पंचनामा मौके पर तैयार कर हस्ताक्षर कराया।

[हस्ताक्षर] पटवारी 32

[हस्ताक्षर] 29/02/24 रा.नि. दरबा

कमलनारायण जांगड़े ग्राम कोटवार [illegible]

[हस्ताक्षर] ग्राम कोटवार कल्ले

[हस्ताक्षर]

[हस्ताक्षर] Shukla 29/02/2024 प्रमोद शुक्ला

[हस्ताक्षर]

अनिल गोस्वामी

[हस्ताक्षर] ग्रामवासी

# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, धमतरी वनमण्डल, धमतरी (छत्तीसगढ़)

☎ 07722-238371(O), 236137(Fax), E-mail – dfo-dhamtari.cg@gov.in

क्रमांक/राजस्व II/आर/606 धमतरी,दिनांक :–05/02/2025

प्रति,

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) कुरूद
जिला–धमतरी

विषय :– जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत्।
संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक/4273/अ.वि.अ./वृ.–1/2023 दिनांक 21.12.2024

––00––

विषयांतर्गत लेख है कि आपके संदर्भित पत्र के अनुसार आवेदक अरूण कुमार शुक्ला निवासी ग्राम– कल्ले, तहसील– कुरूद, ज़िला–धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 192 पर कुल 05 एकड़ भूमि में स्थित करीब 1000 नग सागौन वृक्ष को काटने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी धमतरी के पत्र क्रमांक/1851 08.11.2024 के अनुसार सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद द्वारा अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया एवं प्रतिवेदन पर बताया गया कि उंक्त भूमि में मौके पर सागौन प्रजाति के खड़े हुए 243 नग वृक्ष पाया गया एवं अत्यधिक आंधी तूफान आने एवं भारी बारिश के कारण गिरे पड़े सूखे सागौन पेड़ 496 नग को अपने स्वयं के घर बाड़ी में सुरक्षित रखा गया है। विभाग के अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से मौका सत्यापन स्थल निरीक्षण कर पंचनामा लिया एवं वृक्ष का मार्किंग कर फार्म फेक्टर गणना पत्रक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमे 496 नग सागौन प्रजाति वृक्ष का छाती गोलाई लेकर मार्किंग रिकार्ड दर्ज किया गया जो कि सभी वृक्ष राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जिसका मार्किंग कर मय गणना पत्रक प्रस्तुत किया गया है। फार्म फेक्टर गणना पत्रक अनुसार निम्नानुसार अनुमानित लकड़ी प्राप्त होगाः–

| क्र. | वृक्ष संख्या | अनुमानित उत्पादन | | योग (घ.मी.) |
|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती (घ.मी.) | जलाऊ (घ.मी.) | |
| 1 | 739 | 18.376 | 4.594 | 22.970 |

अतः 739 नग वृक्षों के कटाई की अनुशंसा की जाती है।

संलग्नः– (1) सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद का जॉच प्रतिवेदन।
(2) मार्किंग रिकार्ड बुक।
(3) फार्म फेक्टर गोशवारा।
(4) नक्शा खसरा बी–वन

312

R1
10-2-25

वनमण्डलाधिकारी
धमतरी वनमण्डल, धमतरी

# कार्यालय वन परिक्षेत्र अधिकारी , धमतरी

- 07722-240511 (O), 75870 - 11511 (Mobile) , E-Mail :- rodmt-forest.cg@gov.in

क्रमांक/...1851

दिनांक 8/11/2024

प्रति

वनमण्डलाधिकारी,
सामान्य वनमण्डल, धमतरी

कार्यालय वनमंडलाधिकारी
क्र. 6510
दि. 18/11/2024
धमतरी वनमंडल धमतरी

विषय :- जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत् ।

संदर्भ :- आपका पत्र क्रमांक/राजस्व I/4074 दिनांक 26/07/2024.

⊗⊗⊗

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भितनुसार निवेदन है कि आवेदक अरूण कुमार शुक्ला निवासी ग्राम कल्ले , तहसील – कुरूद , जिला – धमतरी में स्थित भूमि खसरा नंबर 192 कुल 5 एकड़ भूमि में स्थित करीब 1000 नग सागौन वृक्षों को काटने हेतु अनुमति चाही गई है। जिसका सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद द्वारा अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उक्त भूमि में मौके पर सागौन प्रजाति के खड़े हुए 243 नग वृक्ष पाया गया एवं अत्यधिक आंधी तूफान आने एवं भारी बारीश के कारण गिरे पड़े सूखे सागौन पेड़ 496 नग को अपने स्वयं के घर बाड़ी में सुरक्षित रखा गया है। जिसकी गणना कर छाती गोलाई नाप कर एवं हालात मार्किंग रिकार्ड बुक में दर्ज किया गया। उक्त क्षेत्र पूर्णतः राजस्व क्षेत्र है वन भूमि नही है।

सहायक परिक्षेत्र अधिकारी कुरूद के जांच प्रतिवेदन से सहमत हूँ। अतः प्रतिवेदन आपकी ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

**संलग्न :–** (1) स.प.अ. कुरूद का प्रतिवेदन।

(2) मार्किंग रिकार्ड बुक की मूलप्रति 17 नग एवं

(3) बी 1 नक्शा एवं खसरा।

वन परिक्षेत्र अधिकारी

धमतरी